हिन्दुस्तान

कोविड काल के बाद गांवों से जुड़े स्टार्टअप में उछाल

- मुख्यमंत्री योगी को एमएसएमई ईपीसी के चेयरमैन ने सौंपी रिपोर्ट
- राज्य के युवा स्वयं के उद्योग खोलने के लिए प्रेरित हुए

लखनऊ, विशेष संवाददाता। कोविड महामारी के बाद कृषि व ग्रामीण क्षेत्रों में स्टार्ट अप में इजाफा हुआ है। यह खुलासा एमएसएमई ईपीसी (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल) की सर्वे रिपोर्ट में हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एमएसएमई ईपीसी के चेयरमैन डीएस रावत ने बुधवार को सर्वे रिपोर्ट सौंपी।

रावत ने इस मौके पर बताया कि एमएसएमई ईपीसी व बिलमार्ट एक जिले को गोद लेगा और वहां एमएसएमई और स्टार्ट अप को बढ़ावा देने का पायलट प्रोजेक्ट चलाएगा।

मुख्यमंत्री ने रावत से वैश्विक स्तर पर एमएसएमई की सहायता करने के लिए कहा ताकि वे निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकें।

यूपी का युवा सेवा प्रदाता बना: बिलमार्ट फिनटेक के साथ एमएसएमई ईपीसी के सर्वे से सामने आया कि ओडीओपी ने कृषि और ग्रामोद्योग को खूब बढ़ावा दिया और युवा नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि देने वाले बन गए। कोविड महामारी के समय कई एमएसएमई बंद हुए लेकिन राज्य के युवा और उद्यमी अपने स्वयं के सूक्ष्म उद्यम शुरू करने के लिए प्रेरित हुए।